हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 28 जुलाई 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

12 डस्टबिन नहीं रखने एवं गंदगी फैलाने के मामले...



14 केवीके प्रक्षेत्र में सोयाबीन, उड़द और धान बीज उत्पादन के...



# उखड़कर गिरने लगा छत का प्लास्टर, झांक रहीं छड़ें, ऐसे भवन में पढ़ रहे बच्चे

## जिला मुख्यालय से लगी प्राथमिक शाला डूडा का भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ जिम्मेदारों की लापरवाही से बच्चों की जान सांसत में

कमरों की छतों से प्लास्टर उखड़कर गिरने लगा है और छड़ें झांक रही हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लेकिन, जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बच्चे ऐसी स्थिति में पढ़ाई कर रहे हैं, जहां उनकी जान जोखिम में है। जिला मुख्यालय के समीप ग्राम डूडा में शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। जहां पर बड़ी संख्या में प्राथमिक शाला के बच्चे जर्जर स्कूल भवन में खतरों के बीच बैठने को मजबूर हैं। वहीं, सुरक्षागत कारणों से स्कूल के की 5 कक्षाओं के करीब 80 बच्चों को केवल दो कमरों में ठूंसकर शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराई जा रही है। पहली दूसरी एवं तीसरी के बच्चों के लिए एक कमरा एवं दूसरे कमरे में चौथी व पांचवी क्लास के बच्चे दिखाई दे रहे हैं। जबकि वास्तविकता में पूरे बेमेतरा जिले में शिक्षा विभाग के देखरेख में आरईएस विभाग द्वारा करीब 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि विगत वर्षों में खर्च कर स्कूल मरम्मत, जीर्णोद्धार व अतिरिक्त कमरो का निर्माण किया गया है। इसके बावजूद ज़िला मुख्यालय से लगे डूडा गाँव में शिक्षा विभाग की तैयारियों व व्यवस्था की धरातल पर पोल खुलती नज़र आ रही है।



### दो कमरों में पढ़ रहे 5 कक्षा के बच्चे

बताया जा रहा है कि ऐसी स्थिति होने के बावजूद ज़िला शिक्षा विभाग एवं प्रशासन द्वारा कोई संज्ञान में नही लिया जा रहा है, लिहाजा शिक्षा विभाग के अफसरों की निरकुंशता एवं लापरवाही का खामियाजा स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। वर्तमान में दो कमरों से बच्चो को पढ़ाया जा रहा है वहां भी बिल्डिंग जर्जर है जो कभी भी गिरकर हादसे की आशंका बनी हुई है। वहीं इस बीच शिक्षक बच्चों को पढ़ाई कराकर बड़ा खतरा मोल ले रहे हैं, जो काफी गम्भीर है।



## ठगी : साजा थाना क्षेत्र के देवकर चौकी में दर्ज कराए गए मामले

# साइबर ठगों ने तीन लोगों को बनाया शिकार अलग-अलग तरीके से लगाया लाखों का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ तीन मामलों में ओटीपी लेकर की गई लाखों की ऑनलाइन धोखाधड़ी

जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर फ्रॉड व क्राइम को लेकर विभिन्न स्तर पर जिलेभर में निरन्तर जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद भी आम नागरिक लगातार साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। फ्रॉड के मामले लगातार थाने-चौकी में पहुंच रहे हैं।

फिलहाल ताज़ा मामला पुलिस अनुविभाग बेरला अंतर्गत साजा थाने के देवकर चौकी क्षेत्र से आया है। हफ्तेभर में साइबर ठगी के तीन नए मामले से हड़कम्प मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार शातिर ठगों ने अलग-अलग पैंतरे लगाकर आम नागरिकों को झांसे में लिया। फिर बड़े ही शातिर तरीके से गोपनीय ओटीपी व अन्य निजी जानकारी लेकर बड़ी रकम बैंक खाते से साफ कर दिए। पुलिस ने मामले में सब पीड़ितों से लिखित आवेदन लेकर साइबर सेल में भेज दिया है।

**अन्य घटनाएं-** इसी प्रकार देवकर क्षेत्र में ही पूर्व के समय विभिन्न फर्मों व कम्पनियों के नाम पर बिजनेस एवं कच्चे माल के सामान तैयार करने को लेकर भी साइबर ठगी हुई है। साथ ही विभिन्न शासकीय व गैर सरकारी संस्था के आड़ लेकर भी बेरोजगार युवाओं को जाल में फांसकर धोखाधड़ी की जाती रही है।

### पहला प्रकरण

फ्राड के शिकार होने का पहला मामला पुलिस चौकी देवकर अंतर्गत ग्राम अकलवारा गाँव का है। 22 जुलाई को स्थानीय व्यक्ति मोहित सिन्हा पिता थानुराम सिन्हा को मोबाईल पर सोशल मीडिया वाट्सएप पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के नाम से लिंक आया, जिसको मात्र टच करने पर ही मोबाइल हैंग होकर पहले एक रुपया डेबिट हुआ। फिर धीरे-धीरे कर तीन किश्तों में क्रमशः 01 लाख फिर 50 हजार व 46 हजार कर करीब 01 लाख 96 हजार रुपये खाते से गायब हो गए। आमतौर पर गाँव में खेती-किसानी व मजदूरी कार्य कर पैसा कमाने वाले मोहित को जब धोखाधड़ी का पता चला। मायूस होकर उसने पुलिस चौकी देवकर, थाना साजा एवं साइबर सेल बेमेतरा जाकर शिकायत दर्ज कराई।




### दूसरा केस

इसी पुलिस चौकी के डेहरी गांव में रविवार के दिन एक मामला सुर्खियों में आया। जहां पर एक स्कूली बच्चे के पास एक कॉल आया जिसने गलती से अपना मोबाइल ओटीपी बताकर साइबर ठगों का काम आसान कर दिया। उसके बाद उसके खाते से लगभग 10 हजार के करीब जमापूँजी पर डाका डालकर निकाल लिया गया। हालांकि जब उनको व उनके परिजनों को ठगी का एहसास हुआ, तो उन्होंने भी पुलिस चौकी पहुंचकर इस वारदात के बारे में पुलिसकर्मियों को अवगत कराया।

### तीसरा मामला

ठगी की तीसरी घटना भी देवकर चौकी क्षेत्र के गांव व व्यक्ति विशेष के साथ हुई है। उनके खाते से करीब 30 हज़ार रुपये एकाएक कट गए। फिर उन्होंने अपनों व समाज के बीच के बीच बदनामी के डर से पुलिस को सूचना देना मुनासिब नहीं समझा। बताया जा रहा है कि पीड़ति व्यक्ति को किसी कार्य मे लक्की ड्रा के इनामी विजेता बोलकर उनसे बातों बात में ही गोपनीय ओटीपी ले ली, फिर 30 हज़ार रुपये को आरोपी अपने फर्जी अकाउंट में ट्रांसफर कर मोबाइल बन्द कर दिया। इस घटना से घबराए पीड़ति ने फौरन खाते से सम्बन्धित बैंक में पहुँचकर एटीएम ब्लॉक करा दिया।

## ठेलका सहकारी बैंक में सेंधमारी के तीनों आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ थानखम्हरिया पुलिस व साइबर सेल ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

थान खम्हरिया पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ठेलका के जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक में नकदी चोरी एवं बड़ी सेंधमारी के प्रयास के मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एसपी रामकृष्ण साहू एवं अन्य उच्च अफसरों के दिशानिर्देश पर थानखम्हरिया थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजकुमार साहू एवं साइबर सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर-मयंक मिश्रा की संयुक्त टीम ने मौके पर सक्रिय जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे, डॉग स्क्वॉड एवं फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की मदद से आरोपियों को पखवाड़े भर के अंदर पकड़ लिया।

बताया जा रहा है आरोपी आशीष सिंह पिता ठाकुरदास निरंजन मूलरूप से उत्तरप्रदेश के निवासी है, जो वर्तमान में राजधानी रायपुर के डीडी नगर में रहकर अंतर्राज्यीय चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। उसके दो अन्य साथी बिहार व महाराष्ट्र से गिरोह में जुड़े हुए थे। बेमेतरा ज़िला पुलिस ने तत्परता व सक्रियता के साथ इस इंटरस्टेट ⏭ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी कार, सवार घायल

**गुरूर।** शुक्रवार को लगभग 11 बजे के आस पास ग्राम ठेकवाडीह से दुपचेरा मार्ग पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे कार के सामने भाग के परखच्चे उड़ गए। खेत में काम कर रहे आस पास के लोगों ने बताया कि कार क्रमांक सीजी 12 एके 9419 दुपचेरा से गुरुर की ओर आ रही थी। सड़क पर खेतों की मिट्टी के कारण फिसलन थी, जिसके कारण ठेकवाडीह से कुछ ही दूरी पर मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगभग 7 फीट गड्ढे में जा गिरी। इसमें कार में सवार लोगों को सामान्य चोटें आईं, जिन्हें आसपास के लोगों ने बाहर निकाला।

### खेत की मेड़ को फोड़ने से मना किया तो की मारपीट

**बालोद।** खेत की मेड़ को तोड़कर पानी बाहर निकालने से मना करने पर दो भाइयों ने मिलकर कर एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। मारपीट का मामला थाना तक पहुंच गया। अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम मनकी निवासी भारत ने बताया कि वह अर्जुन्दा में टेलर का काम एवं खेती किसानी का काम करता है। 23 जुलाई को अर्जुन्दा से अपने दुकान को शाम लगभग 5 बजे बंद करके अपने घर मनकी गया। कुछ देर बाद अपने खेत जो मनकी से कठिया मार्ग पर है जिसे देखने के लिए गया था, शाम करीबन 6 बजे कन्हैया सोनकर, जग्गू सोनकर निवासी अर्जुन्दा हाईस्कूल के पीछे, दोनों मेरे खेत के पास आये और मेरे खेत की मेड़ को तोड़कर पानी निकालना है बोलने लगे। मेरे मना करने पर वे मेरे साथ वाद विवाद कर गाली गलौज करने लगे। मेरे द्वारा गाली गलौज देने से मना करने पर दोनों ने मुझसे मारपीट की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अर्जुन्दा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### धनेली में लोकार्पण व सम्मान समारोह आज

**गुरूर।** ग्राम धनेली में शनिदेव मंदिर के पास तालाब पार में नवनिर्मित शेड तथा पेवर ब्लाक का आज लोकार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही हाई स्कूल तालाब पार में महिला गार्डन में पौधारोपण कार्य तथा किचन शेड निर्माण के लिए दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह 28 जुलाई को 12 बजे से आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर प्रभात कुमार धुरवे होंगे। अध्यक्षता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण लाल साहू करेंगे। विशेष अतिथि सभापति महिला एवं बाल विकास, जनपद पंचायत गुरूर राजेश्री यादेश्वर क्षत्रिय, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत धनेली गोविंद राम साहू, उपसरपंच, पंच उपस्थित रहेंगे।

### देशी शराब भट्ठी के गल्ले से दस लाख की चोरी

**भिलाई।** शराब भठ्ठी से लाखों रुपए का नगदी चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक नयापारा स्थित देशी शराब भट्टी में गुरुवार की आधी रात नगदी 10 लाख रुपए नगदी गल्ले से पार हो गया। यह रुपए शराब बिक्री के थे। घटना रात करीब ढ़ाई बजे के आसपास की बताई जा रही है। वारदात की पूरी घटनाक्रम देशी शराब भट्टी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। सीसीटीवी से पुलिस को मिले फुटेज में घटना को अंजाम देने वाले 4 लोग है। फुटेज के आधार पर दुर्ग कोतवाली पुलिस चारों आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस को आरोपियों की कोई जानकारी नही मिल पाई है। भट्ठी के एक कर्मी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बहरहाल देशी शराब भट्टी में बड़ी चोरी की घटना से पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है। देशी शराब भठ्ठी की चौकीदारी के लिए एक गार्ड भी तैनात होता है।

## ज़िले के नगरीय निकायों में 10 अगस्त तक चलेगा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

# बेमेतरा नपा के वार्ड क्र 1 व 2 में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 10 अगस्त तक चलेगा। ज़िले के बेमेतरा सहित सभी नगरीय निकायों के वार्डों में तय तारीख़ों में आम जन की नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे शिकायत ,समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

बेमेतरा नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 1 और 2 का जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मांग और समस्या



विद्युत,साफ़-सफ़ाई, उज्ज्वला,पानी निकासी, पट्टा, पेयजल सहित कुल 60 आवेदन मिले। कुछ समस्या संबंधी आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई की गयी। कुछ आवेदनों पर परीक्षण के बाद की जाएगी, जिसकी सूचना आवेदनकर्ताओं को दी जाएगी। शिविर में निकाय अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद मौजूद थे।

निकाय अधिकारियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 3 और 4 का जन समस्या निवारण शिविर आगामी 29 जुलाई को सिंधी धर्मशाला में आयोजित होगा। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 5,7 और 8 के लिए शिविर 30 जुलाई को गांधी भवन बेसिक मैदान में आयोजित होगा। इन शिविर में संबंधित वार्ड के निवासी अपनी निकाय आदि संबंधी समस्या का आवेदन दे सकते हैं, जिनका समय रहते निराकरण किया जाएगा। वहीं, नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड क्रमांक 1 का शिविर सतनाम भवन में आयोजित हुआ।

## कांवरयात्रा पर निकले मोहभट्ठा के श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित बोलबम समिति मोहभठ्ठा के भक्तों ने सावन के महीने में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कांवर यात्रा निकाली है। धरम वर्मा, द्वारिका वर्मा, नारायण साहू, दिलहरण वर्मा, फूलसिंह वर्मा, मोहरसिंग वर्मा, सोमनाथ मिरझा की अगुवाई में 40 कांवरियों का जत्था रवाना हुआ। सभी कांवरियों ने मां नर्मदा कुंड भेड़नी से जल लेकर कांवर यात्रा शुरू की। इसमें टिकेश्वर वर्मा, चंदन वर्मा, लाला साहू, सरगम वर्मा, उमेश वर्मा, नंदकुमार वर्मा, बबलू वर्मा, अजय दुबे, शंकर वर्मा, रमेश वर्मा सहित अन्य कांवरिए शामिल हैं।

## ज़िला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय

# दुपहिया से आने-जाने वाले कर्मचारियों को हेलमेट जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ जिला प्रशासन ने जारी किया आदेश

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई ज़िला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बेमेतरा जिले में हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। कलेक्टर शर्मा ने अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी को कहा था कि जिले के सभी सरकारी जिला प्रमुखों को अवगत कराएं कि वे अपने अधिकारी-कर्मचारियों को समझाईश दें कि जो दोपहिया वाहन से दफ्तर आते-जाते समय हेलमेट का उपयोग करें। इससे उन्हें नियमित रूप से हेलमेट लगाने की आदत हो जाए और वे जब भी दोपहिया वाहन का उपयोग करेंगे, तो हमेशा हेलमेट पहनकर ही निकलेंगे। सभी विभाग के अधिकारी पहल करें, तो काफी हद तक यातायात नियमों का पालन होगा। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुये सुरक्षा के दृष्टिकोण से समस्त शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने कार्यालय आने-जाने हेतु दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। यह आदेश बैंक कर्मचारियों, सहकारी समिति के कर्मचारियों और समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के कर्मचारियों पर भी लागू होगा। आदेश का उल्लघंन करने वाले अधिकारी / कर्मचारी के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम और तत्संबंध में बनाये गये नियमों के तहत सख्त कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर के निर्देश पर इस आशय के आदेश अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी के हस्ताक्षर से आज जारी कर दिए गए हैं। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा था कि जिले के सभी खुलने वाले स्कूल-कॉलेजों, शासकीय व निजी व आईटीआई में भी दुपहिया वाहनों से आने वाले छात्र हेलमेट पहनकर आएं यह सुनिशिचित किया जाए। पालन कराने के लिए संबंधित संस्था के प्राचार्य उत्तरदायी होंगे। यह निर्णय सड़क दुर्घटनाओं में दो पहिया वाहन चालकों की मौत की घटनाओं को देखते हुए लिया गया है।

**कार्यालयों के सामने चस्पा की जाएगी सूचना-** उन्होंने जिले के सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कहा कि कार्यालय के सामने ही सूचना चस्पा किया जाए कि कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व आमजन, जो दो पहिया वाहन में आते है सभी हेलमेट पहन कर कार्यालय आए। हेलमेट पहन कर नहीं आने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के प्रवधानों के तहत कार्रवाई की जाए।

**शुरुआत एसपी कार्यालय से-** पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने मोटर व्हीकल एक्ट का पालन कराने अपने कार्यालय से पहल की शुरूआत करने की बात कही। यदि इस प्रकार यातायात नियमों का पालन होता है तो सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकेगा। कलेक्टर ने पालकों, अभिभावकों एवं आमजनों से आग्रह किया है कि वे अपने नाबालिक बच्चों को बाईक चलाने न दें।

### अधिकांश मौत या गंभीर चोट हेलमेट नहीं लगाने के कारण

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक में समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि, 1 जनवरी से 15.जुलाई 2024 की अवधि में घटित सड़क दुर्घटनाओं में घायल एवं मृत व्यक्तियों की संख्या सबसे ज्यादा दुपहिया वाहन चालकों की रही है। यह भी पाया गया है कि इन दुर्घटनाओं में दुपहिया वाहन चालकों की मृत्यु या गंभीर चोट हेलमेट न लगाने के कारण हुई है। मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129 के तहत दुपहिया वाहन चालकों को वाहन चालन के दौरान हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है।


## जिला चिकित्सालय बेमेतरा में किया गया पौधारोपण



**बेमेतरा।** पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल बेमेतरा में पौधारोपण किया गया। इसके तहत बरगद, नीम, कदम, कटहल, जामुन सहित अनेक छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। जिला चिकित्सालय के खाली जगहों पर किए गए पौधारोपण के दौरान सीएमएचओ डॉ संत राम चुरेंद्र, मेट्रन रेखा कविलास, आरती दत्ता, संजय तिवारी के साथ अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### लग्जरी बसों के स्टाप पाइंट बनाने की मांग

**रायपुर**। जगदलपुर मार्ग से रायपुर आने वाले सभी बड़ी लग्जरी बसों को कमल विहार गेट डूमरतराई के आसपास स्टाप पाइंट बनाने की मांग को लेकर जगताहित संगठन छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने विधायक मोतीलाल साहू को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि सभी बड़ी लग्जरी बसे शहर के अंदर लालपुर ओवर बृज के नीचे सवारी उतारने खडे करते जो कि घनी आबादी क्षेत्र है, जिससे आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है कुछ दिन पूर्व ही वहीं पर एक व्यक्ति की दुर्घटना में जान चली गई थीं जो परिवार वालों के लिए अपूर्ति क्षति है। जिस पर विधायक ने तत्काल 10 दिन के अंदर समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया है। ज्ञापन देने वालों में रवि यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### फेरी वालों ने लिया प्लास्टिक फ्री एरिया बनाने का संकल्प

**रायपुर**। निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने शुक्रवार को एनआईटी के पास चौपाटी के सभी फेरी वालों को प्लास्टिक के प्रोडक्ट का उपयोग नहीं करने की समझाईश दी। इस समझाईश के बाद फेरी वालों ने प्लास्टिक फ्री एरिया बनाने का संकल्प लिया। नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर शहर के सभी वार्डो में समाज हित में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक के उपयोग को दैनिक जीवन में कम करने या बंद करने की समझाईश अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत दुकानदार से लेकर फेरी करने वालों को प्लास्टिक के प्रोडक्ट का उपयोग कम करने की समझाईश दी जा रही है।

### महाराष्ट्र मंडल भवन में एकल गायन स्पर्धा 11 अगस्त को

**रायपुर**। महाराष्ट्र मंडल की खेलकूद समिति, कला और संस्कृति समिति के साथ मिलकर 11 अगस्त को एकल गायन स्पर्धा का आयोजन किया जा रह है। यह प्रतियोगिता चौबे कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में होगी। समिति के उपाध्यक्ष गीता दलाल ने बताया कि 11 अगस्त को सुबह 11 बजे एकल गायन स्पर्धा प्रारंभ होगी। स्पर्धा महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग होगी। प्रतिभागियों को कराओके म्यूजिक में फिल्मी गीत के दो पद गाने होंगे। प्रतिभागियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। गीता के मुताबिक पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को सोने के सिक्कों के साथ सभी प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। स्पर्धा के लिए प्रवेश शुल्क 250 रुपए निर्धारित है।

### भिलाई से कल निकलेगी जबर हरेली रैली

**रायपुर**। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के पदाधिकारियों द्वारा जबर हरेली रैली निकाली जाएगी। यह रैली भिलाई पावरहाऊस स्थित डा. अंबेडकर मूर्ति के पास से 28 जुलाई को निकाली जाएगी। इस संबंध में कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि इस रैली में हजारों लोक कलाकार एवं लाखों छत्तीसगढ़ियाजन अपने प्रथम त्योहार हरेली को उल्लासमय वातावरण में मनाते चलेंगे। साथ ही सुसज्जित बैलगाड़ियों का जूलूस, बस्तरिहा रेला-पाटा, गेड़ी, पंथी, करमा, सुवा, राऊत नाचा, डंडा नृत्य करते हुए लोग प्रकृति के साथ-साथ अपनी मूल संस्कृति को बचा कर रखने का संदेश देते चलेंगे।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में रैंकिंग बढ़ाने वॉल पेंटिंग व स्वच्छता अभियान पर जोर


**रायपुर**। नगर निगम रायपुर आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को सभी जोन कमिश्नरों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अभियान की प्रगति एवं उसकी तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी कमिश्नरों को स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग बढ़ाने के लिए तेजी से स्वच्छता अभियान चलाने के साथ सार्वजनिक स्थलों पर वॉल पेंटिंग का कार्य भी करने के निर्देश दिए।

# परिसीमन से कांग्रेस के 38 वार्ड प्रभावित, जाएंगे हाईकोर्ट, भाजपा के भी 8 पार्षद नाखुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम परिसीमन को लेकर शुक्रवार को महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों की बैठक हुई। इस बैठक में परिसीमन होने के बाद जारी किया गया चतुर्दीशा सीमा नक्शा को लेकर पार्षदों ने भारी नाराजगी जताई। बैठक के बाद महापौर ने कहा कि परिसीमन से 38 कांग्रेस पार्षदों के वार्ड प्रभावित हुए हैं। इसके कारण बैठक में परिसीमन के विरोध में हाईकोर्ट जाने का निर्णय लिया है। इधर नेताप्रतिपक्ष मनील चौबे की मौजूदगी में भी भाजपा पार्षदों की बैठक हुई। इस बैठक में भी परिसीमन का खुलकर विरोध नहीं किया गया, लेकिन करीब 8 पार्षदों ने चतुर्दीशा सीमा नक्शा को लेकर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि नक्शा से स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि उनके वार्ड की सीमा कहां तक है। इसके कारण भाजपा दल ने भी निर्णय लिया है कि जिन वार्डों को लेकर पार्षदों ने आपत्ति जताई है, उन्हें लेकर वे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराएंगे। वार्डों के परिसीमन को लेकर शहर की राजनीति गरमाई हुई है। परिसीमन होने के पहले ही कांग्रेस पार्षदों ने इसका विरोध शुरू कर दिया था। महापौर एजाज ढेबर ने परिसीमन होने से पूर्व ही अपने बयान में कहा था अगर वार्डों का परिसीमन नियम के तहत नहीं हुआ, तो वे हाईकोर्ट की शरण में जाएंगे। वार्डों का परिसीमन होने के बाद चतुर्दीशा सीमा नक्शा जारी किया गया है। इस नक्शा का अवलोकन करने के बाद महापौर ने अपने निगम मुख्यालय स्थित कक्ष में कांग्रेस पार्षदों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में सभी पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड के परिसीमन को लेकर चर्चा की। इस चर्चा में यह बात सामने आई है कि परिसीमन से कांग्रेस पार्षदों के 38 वार्ड प्रभावित हुए हैं। इसके बाद बैठक में सर्वसम्मति से परिसीमन के विरोध में हाईकोर्ट जाने का निर्णय लिया गया।

दोनों दलों की अलग-अलग हुई बैठकों में परिसीमन मुद्दे पर चर्चा कर लिया गया निर्णय



### भाजपा के सभी पार्षद मौजूद

*इधर नेता प्रतिपक्ष ने भी परिसीमन पर चर्चा करने के लिए अपने दल के पार्षदों की बैठक बुलाई थी। निगम मुख्यालय में अपने चैंबर में उन्होंने यह बैठक ली। बैठक में भाजपा के सभी पार्षद मौजूद थे। चर्चा के दौरान मृत्युंजय दुबे, विनोद अग्रवाल, दीपक जायसवाल, सीमा संतोष साहू, रवि ध्रुव, राजेश ठाकुर, प्रमोद साहू आदि पार्षदों ने भी परिसीमन के नक्शे को लेकर आपत्ति जताई। सभी पार्षदों ने कहा कि नक्शा में उनके वार्ड की सीमा कहां तक है, यह स्पष्ट रूप से समझ में नहीं आ रहा है। वार्ड की सीमा अगर स्पष्ट नहीं होती, तो उन्हें अपने-अपने वार्ड में काम एवं विकास कार्य करने में दिक्कतें आएंगी। पार्षदों की बातें सुनने के बाद बैठक में आपत्ति दर्ज करने वाले पार्षदों के वार्ड की सीमा को लेकर दावा-आपत्ति लगाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।*

## अमलीडीह क्षेत्र में राशन दुकान में चल रहा था चावल खरीदी का खेल

# वितरण के बाद संचालक ही हितग्राही से खरीद रहा 18-20 रुपए किलो में चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के अमलीडीह में संचालित एक उचित मूल्य की दुकान में चावल खरीदी-बिक्री का खेल चल रहा है। इस दुकान की महिला संचालक हितग्राहियों को चावल देने के बाद उनसे ही औने-पौने दाम पर चावल खरीद रही है। खरीदी-बिक्री के चल रहे इस खेल का एक विडियो सूत्र के माध्यम से हरिभूमि के हाथ लगा है। इस विडियो को लेकर जब दुकान संचालिका से पूछा, तो उसने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। इधर खाद्य विभाग के अधिकारी ने कहा कि राशन दुकानों में सिर्फ हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण किया जाता है। अगर हितग्राही से चावल खरीदा गया है, तो इसकी जांच कराकर दुकान संचालिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

#### जांच कर कड़ी कार्रवाई करेंगे

राशन दुकान में हितग्राही से चावल की खरीदी का विडियो देर शाम को मिला है। इस मामले में जांच कराकर कड़ी कार्रवाई करेंगे।
- **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर



*पीडीएस चावल की कालाबाजारी का कई बार हो चुका है भंडाफोड़*

*पीडीएस चावल की कालाबाजारी का राज्य के कई जिलों में पूर्व में कई बार भांडाफोड़ हो चुका है। रायपुर में कुछ साल पहले पीडीएस चावल से भरी गाड़ी को पकड़ा गया था, जिसे बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।*

#### विडियो में स्पष्ट दिख रहा हितग्राही को राशन कार्ड में पैसे रखकर लौटा रही कर्मचारी

*यह विडियो अमलीडीह में शासकीय स्कूल के सामने गार्डन के बगल वाले रोड में स्थित राशन दुकान आईडी-441001115 का है। इस विडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि दुकान में बैठी महिला कर्मचारी एक महिला हितग्राही से रजिस्टर में चावल लेने की एंट्री कराने के बाद उसके कार्ड में बिक्री की रकम रखकर लौटा रही है। इस विडियो में दुकान की संचालिका भी दिखाई दे रही है, जो कर्मचारी के बगल में बैठी हुई है। इससे यह भी स्पष्ट हो रहा है कि संचालिका के निर्देश पर ही दुकान में हितग्राहियों से चावल खरीदी का खेल चल रहा है।*

#### 18 से 20 रुपए किलो की दर से खरीदा जा रहा चावल

*सूत्र ने बताया कि राशन दुकान में हितग्राही से 18 से 20 रुपए प्रति किलो की दर से चावल खरीदा जाता है। अमलीडीह राशन दुकान में भी 18 रुपए किलो की दर से हितग्राही से चावल खरीदा गया था। सूत्र यह भी बताते हैं कि इस दुकान के अलावा भी कई दुकानों में इस तरह वितरण चावल की खरीदी का खेल चल रहा है।*

#### 30 से 35 रुपए किलो तक बाजार में खपाया जा रहा

*सूत्र के अनुसार हितग्राहियों से खरीदा गया पीडीएस चावल बाजार में 30 से 35 रुपए किलो तक खपाया जाता है। सूत्र से यह भी जानकारी मिली है कि हितग्राहियों से खरीदा गया ज्यादातर चावल राइस और पोहा मिलरों को बेचा जा रहा है। हालांकि यह कारोबार चोरी छिपे किया जाता है, जिसके कारण खाद्य विभाग को भी इसकी भनक नहीं लग पाती है।*

### आज अग्रवाल युवा मंडल की निकलेगी कांवड़ यात्रा

**रायपुर**। सावन महीने में हर वर्ष की तरह इस बार भी अग्रवाल युवा मंडल द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया है। युवा मंडल अध्यक्ष राम अग्रवाल ने बताया युवा मंडल लगातार समाज के लिए विभिन्न आयोजन करवा रहा है। इस कड़ी में 28 जुलाई रविवार को कांवर यात्रा निकाली जाएगी। इसमें 500 से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे। प्रसार प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि यह यात्रा चौबे कॉलोनी स्थित प्राचीन चिंताहरण हनुमान मंदिर से सुबह 7 बजे निकलेगी और अग्रसेन चौक, आमापारा, सुंदर नगर होते हुए महादेव घाट स्थित बाबा हटकेश्वरनाथ मंदिर पहुंचेगी। यहां सभी भक्त बाबा को जल अर्पण करेंगे। यात्रा में भोलेनाथ की निकली झांकी निकालने की भी तैयारी है।

### सतनामी समाज की बैठक आज

**रायपुर**। मिनीमाता स्मृति दिवस व सतनामी प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर सतनामी समाज की बैठक होगी। यह बैठक न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में 28 जुलाई को दोपहर 1 बजे की जाएगी। बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर प्रमुखजनों को जिम्मेदारी दी जाएगी साथ ही निमंत्रण कार्ड का वितरण कर प्रतिभा सम्मान हेतु अभी तक प्राप्त सभी प्रविष्टियों पर विचार मंथन होगा।

# बैंक के खिलाफ लोन रिकवर करने के नाम पर दबंगाई मारपीट की थाने में शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र की
- पीड़ित ने कहा मामला कोर्ट में विचाराधीन

खम्हारडीह थाना में एक व्यक्ति ने एक निजी बैंक के लोन रिकवर करने वालों के खिलाफ मारपीट तथा धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया है कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है, बावजूद इसके बैंक प्रबंधन ने जबरन आदमी भेजकर उन पर केस वापस लेने के साथ लोन की रकम जमा करने दबाव बनाया। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच विवाद है। पुलिस के मुताबिक विनोद कुमार मावा ने आईसीआईसीआई बैंक के चार वसूली एजेंट के खिलाफ जबरन घर में घुसकर हंगामा करने तथा उनके साथ बदसलूकी तथा मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। विनोद के खिलाफ बैंक प्रबंधन ने भी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर काउंटर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार विनोद ने बैंक से 80 लाख रुपए का होम लोन लिया है। बैंक प्रबंधन ने उस पर होम लोन नहीं पटाने का आरोप लगाता हुए विनोद के घर रिकवरी एजेंट भेजा। विनोद ने पुलिस को बताया है कि बैंक ने गलत तरीके से इंश्योरेंस कागज तैयार किया है, मामला कोर्ट में विचाराधीन है। बैंक प्रबंधन उस पर केस वापस लेने दबाव बनाने के साथ लोन की राशि जमा कराने दबाव बना रहा है।

# बगैर अनुमति प्रदर्शन, एजाज ढेबर सहित अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


कांग्रेस के प्रदर्शन के चलते पंडरी, लोधीपारा चौक से लेकर शंकरनगर तक जाम की स्थिति
विस कूच कर रहे कांग्रेसियों पर पानी की बौछार, पुलिस से झूमाझटकी, कई घायल, इलाका रहा जाम, नहीं खुले स्कूल

राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर विधानसभा घेराव करने प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सिविल लाइंस पुलिस ने अलग-अलग धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। जिन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है, उनमें महापौर एजाज ढेबर, आशीष द्विवेदी सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक बुधवार को बगैर अनुमति के सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोड ब्लाक कर प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ता रोड ब्लाक कर प्रदर्शन कर रहे थे, तब कार्यपालिका मजिस्ट्रेट ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए भीड़ को गैर कानूनी बताया। बावजूद इसके प्रदर्शनकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज, झूमा झटकी, मारपीट की। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित बीएनएस की धारा 191(2), 296, 221, 132 121(1) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने जिन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है, उनमें से एक दर्जन से ज्यादा नामजद तथा अज्ञात कांग्रेस नेता तथा कार्यकर्ता शामिल हैं।

# गायनी विभाग के ओपीडी हॉल में भरा पानी, हलाकान होते रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेज बारिश के दौरान आंबेडकर अस्पताल के गायनी विभाग के ओपीडी हॉल में पानी भरने से मरीज परेशान होते रहे। करीब तीन साल पहले हाउसिंग बोर्ड द्वारा अस्पताल में कराए गए विभिन्न जीर्णोद्धार के दौरान इसका भी रिनोवशन हुआ था। जानकारी के अनुसार आंबेडकर अस्पताल के विभिन्न विभाग में संचालित होने वाली ओपीडी में सबसे ज्यादा मरीज स्त्री एवं प्रसूति रोग से संबंधित होते हैं। इसकी ओपीडी का संचालन भूतल में बनाए गए विभाग के बड़े हॉल में किया जाता है। बताया जाता है कि शुक्रवार को सुबह से लगी सावन की झड़ी के दौरान तेज बारिश का पानी छत से टपककर हॉल में भर गया। उस दौरान हॉल में काफी संख्या में मरीज और उनके परिजन मौजूद थे। बरसाती पानी से बचने और अपने चिकित्सकीय जांच के लिए बारी आने तक सुरक्षित जगह की तलाश करते रहे। सूत्रों के मुताबिक करीब तीन साल पहले आवश्यकता और मरीजों की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए हाउसिंग बोर्ड द्वारा इस विभाग के ओपीडी कक्ष का रिनोवेशन कराया गया था। इस दौरान वहां बड़ा हाल बनाने के और मरीजों की बैठने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। सूत्रों का कहना है कि हॉल के ऊपर बनाए गए शेड का प्लास्टिक पुराने होने की वजह से टूटफूट गया है। इसकी वजह से तेज बारिश का पानी हॉल में भरने लगता है। इस बारे में अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि शिकायत के आधार पर समस्या का समाधान करने मरम्मत कराई गई है।


तीन साल पहले हाउसिंग बोर्ड ने कराया था रिनोवेशन

### दौड़ने से चेहरा पड़ जाता था नीला, मिला दिल में सुराख, हुआ बच्ची का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दौड़ने के दौरान जल्दी थकान आने से चेहरा नीला पड़ने की शिकायत वाली 8वीं की छात्रा अंशु के दिल में सुराख था। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की चिरायु टीम ने उसकी मदद की और बच्ची का इलाज पूरा हुआ। आरंग के ग्राम तुलसी के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा अंशु की जब जांच हुई, तो पता चला कि उसकी हृदय गति असामान्य है। इसकी एकमात्र वजह से दिल में सुराख और इसका जल्दी ही इलाज नहीं किया गया, तो बच्ची के लिए बड़ा जोखिम हो सकता है। परिजनों को विश्वास में लेने के बाद वहां की चिरायु टीम सक्रिय हुई और बच्ची को लेकर नवा रायपुर के कैशलेस हास्पिटल सत्य साईं संजीवनी अस्पताल पहुंची। बच्ची को 23 जुलाई को अस्पताल में एडमिट कर ऑपरेशन किया गया और गुरुवार को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बच्ची की पहचान कर उसे नया जीवन दिलाने में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी एवं आरबीएस की नोडल अफसर डॉ. श्वेता सोनवानी चिरायु टीम के डॉ. अबरार आलम, डॉ. शोभा निषाद, एएनएम टिकेश्वरी साहू एंव एलटी मुकेश कुमार साहू की प्रमुख भूमिका रही।

### महादेवघाट में कांवरियों के लिए निशुल्क सेवा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिव-शक्ति सेवा मंडल अश्वनी नगर द्वारा विगत कई सालों से कांवरिया भक्तों को पूरे सावन माह सेवा के रूप में जल, फल और दवाई की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है, जिससे महादेवघाट जलाभिषेक करने वाले कांवरियों में उत्साह बना रहे। मंडल के सदस्य ललित अग्रवाल ने बताया कि हर साल सावन के पवित्र महीने में छप्पन भोग निवास के समक्ष वाटरप्रूफ पंडाल लगाया जाता है। रविवार और सोमवार को कांवरियों की संख्या सैकड़ों में होती है। समिति के कई सदस्य हैं, जो निस्वार्थ भाव से सेवा में लगे होते हैं।

सेवा करने वालों में कन्हैया लाल अग्रवाल, क्रांति अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विकास मुंदड़ा, विश्वास अग्रवाल आदि सहित अनेक साथी शामिल हैं।

## सांसद बृजमोहन के सवाल पर रक्षा राज्य मंत्री ने दी जानकारी

# प्रदेश में निजी और सरकारी स्कूलों की साझेदारी से खोले जा सकेंगे सैनिक स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भी निजी और सरकारी स्कूलों की साझेदारी से सैनिक स्कूल खोले जा सकेंगे। दरअसल रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में रक्षा मंत्रालय से छत्तीसगढ़ राज्य और विशेष रूप से रायपुर संसदीय क्षेत्र में बालिका सैनिक विद्यालय खोलने की योजना पर सवाल किया। इसके जवाब में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया, रक्षा मंत्रालय देश में गैर सरकारी संगठन, न्यास, निजी, सरकारी स्कूलों के साथ साझेदारी रीति में नए सैनिक स्कूल खोल रहा है। इसकी शुरुवात उत्तरप्रदेश से ही चुकी है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में भी यह प्रयोग हो सकता है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भविष्य की प्रौद्योगिकी और उन्नत सुरक्षा विशेषताओं वाले ई-पासपोर्ट शुरू करने के लिए विदेश मंत्रालय से उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी। जिस पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि, केंद्र सरकार एम्बेडेड चिप के साथ ई-पासपोर्ट शुरू करने के लिए कदम उठाए हैं। वर्तमान में, भुवनेश्वर और नागपुर स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में ई-पासपोर्ट की परियोजना का परीक्षण चल रहा है। इसके सफलतापूर्वक आरंभ होने और अपेक्षित प्रमाणीकरण के बाद, इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे भारत में शेष क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में शुरू किया जाएगा।



### छत्तीसगढ़ के लिए पांच नर्सिंग कॉलेज

देश में नर्सिंग कर्मियों की संख्या बढ़ाने के लिए, केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य में 5 नर्सिंग कॉलेजों सहित देश में 157 नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना की घोषणा की है। यह जानकारी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को लोकसभा में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सवाल के जवाब में दी।

# डस्टबिन नहीं रखने एवं गंदगी फैलाने के मामले में 16 दुकानदारों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को शहर की दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने तथा गंदगी फैलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए 16 दुकानों से 32 सौ रुपए का जुर्माना वसूला है। जोन 5 के स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा ने बताया कि निगम के अधिकारियों ने स्वच्छता दीदियों की टीम के साथ माधव राव सप्रे और पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्षेत्र में मुख्य मार्ग डीडीयू नगर, रायपुरा चौक ओवरब्रिज के समीप के क्षेत्र के बाजार दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान रायपुरा चौक में 3 दुकानों में कामाख्या नाश्ता सेंटर में प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर उसे तत्काल जब्त कर 500 रुपए, दुकान संचालक रामू साहू पर दुकान में डस्टबिन नहीं रखने 200 रुपये और श्रीराम पान पैलेस पर गंदगी एवं कचरा फैलाये जाने पर 300 रुपए का जुर्माना लगाया। इसी प्रकार नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व एवं जोन 7 स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानन्द साहू की उपस्थिति में क्षेत्र के संत रामदास वार्ड अंतर्गत भारत माता चौक गुढ़यिारी के आसपास की 13 दुकानदारों का निरीक्षण किया गया। इन दुकानों के सामने भी गंदगी और कचरा फैला मिला। सभी दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 22 सौ रुपए का जुर्माना वसूला। इस तरह कुल 16 दुकानों पर 32 सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# बायोमेट्रिक सिस्टम से उत्पन्न समस्याएं दूर हों : संयुक्त यूनियन

## रीजनल लेबर कमिश्नर के समक्ष हुई सुनवाई, दोनों पक्ष हुए उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

संयुक्त यूनियन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में बायोमेट्रिक सिस्टम पर रोक लगाने के लिए दायर परिवाद की सुनवाई रीजनल लेबर कमिश्नर (केन्द्रीय) अंकुर के समक्ष आज शुक्रवार को हुई। यूनियन ने बायोमेट्रिक सिस्टम के लागू होने से उत्पन्न समस्याओं का निदान कराने की मांगी की। लेबर कमिश्नर ने दो अगस्त को चर्चा करने की बात कही।

सुनवाई में संयुक्त यूनियन की ओर से प्रमोद कुमार मिश्र ने यूनियन का पक्ष रखते हुए बताया कि प्रबंधन द्वारा बिना सर्कुलर निकाले कर्मचारियों पर दबाव बनाकर बायोमैट्रिक अटेंडेंस के लिए रजिस्ट्रेशन करवा लिया जबकि बायोमैट्रिक अटेंडेंस का सर्कुलर 15 जून को जारी किया गया था। सर्कुलर में भी इसका उल्लेख था कि जिन कर्मचारियों ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वह 30 जून तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें।


यूनियन ने इंडसट्रियल डिस्प्यूट एक्ट की धारा 9 ए का हवाला देते हुए कहा कि 21 दिन पूर्व नोटिस आफ चेंज दिया जाना था लेकिन प्रबंधन ने इसका पालन नहीं किया सीजीआईआर एक्ट की धारा 34 को भी संज्ञान में लाया जाना आवश्यक है। क्योंकि 2020 में प्रकाशित गजट के अनुसार लेबर के मामले में यह प्रभावी है इस एक्ट के अनुसार इस प्रकार के नियमों में बदलाव सीजीआईआरकी धारा 34 के अनुसार गैरकानूनी है। संयुक्त यूनियन ने कहा कि प्रबंधन द्वारा पूर्व से ही स्टैंडिंग ऑर्डर के विपरीत कार्य किये जा रहे हैं। टाउनशिप, हॉस्पिटल, एजुकेशन में स्टैंडिंग ऑर्डर के तहत भर्तियां की गई है जो गैरकानूनी है यह स्टैंडिंग ऑर्डर की धारा 1 एवं 2 एफ का उल्लंघन है।

### बिना तैयारी के लागू किया

यूनियन ने कहा कि प्रबंधन द्वारा बिना किसी पूर्व तैयारी के आनन फानन में बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू किया है जिसके फलस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। पाली के शुरुआत एवं अंत में गेट पर जाम की स्थिति होती है स्टैंडिंग ऑॅर्डर की धारा 26 के अनुसार सुरक्षा के लिए यूनियन से बैठक कर सहमति ली जानी थी लेकिन प्रबंधन ने ऐसा नहीं किया। यह धारा 26 का उल्लंघन है। इस पर रीजनल लेबर कमिश्नर ने प्रबंधन से जवाब मांगा प्रबंधन के पास कोई जवाब नहीं था। प्रबंधन ने जवाब देने के लिए समय मांगा जिस पर लेबर कमिश्नर ने अगली सुनवाई 2 अगस्त को तय की है। संयुक्त यूनियन की ओर से उपस्थित सभी यूनियन के नेताओं ने बायोमेट्रिक सिस्टम से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को रखा। बैठक में यूनियन की ओर से बीएमएस के चन्ना केसवलू, इंटक से पूरन वर्मा, एटक से विनोद सोनी, एचएमएस से पीके मिश्रा, सीटू से विजय कुमार जांगड़े, एक्टू से जीवनलाल कुर्रे शामिल हुए और प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक जेएन ठाकुर और विकास चंद्रा उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में आत्मानंद स्कूल की व्याख्याता की मौत



**बालोद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में पदस्थ रसायन विषय की व्याख्याता सरिता चौरसिया का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने बताया कि शिक्षिका सबेरे स्कूटी से स्कूल आ रही थीं, इसी दौरान यह दुर्घटना हुई। उनके निधन की दुखद सूचना से शाला परिवार एवं छात्र छात्राएं स्तब्ध हैं। व्याख्याता पी सिंह, आरएस देशमुख, एसके चुरेंद्र, डीपी सिन्हा, आई एल उइके, आरएल गोटामे, एसएन दुबे, टीएस मंडावी, बीके देशलहरे, एचसी पटेल, भागवत साहू, आरके सार्वा, जय वर्मा, एनएस डडसेना, एसी साहू, एचके पांडे, एमके पटेल, बीके कोसले, नेमसिंह साहू, पंकज सोनी, रोमेंद्र, वेदप्रकाश, जयंत देवांगन, चेतन यादव, हेमू साहू, वंदना शर्मा, हर्षा ठक्कर, कुमुदिनी साहू, नीलम, पुष्पांजलि पाण्डेय, खेमलता साहू, क्रांति गुहा नियोगी, मनोरमा कुंभज, अर्चना साहू, सुषमा तिवारी, शैलेन्द्री साहू ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना की कामना करते हुए गहरी दुख संवेदना व्यक्त की।

### युवक से गाली गलौज कर मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** बिना कारण के युवक पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2), 191(1), 191(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। केम्प 1 सुंदर नगर निवासी एस मरियम्मा ने छावनी पुलिस से शिकायत किया है कि बेटा अभिषेक को एस अरविंद, एस गद्दु उर्फ सूर्या, वी रितिक, उडिया नंदू, एस करण, जी. राहुल, एस उप्पी ने मिलकर जमकर मारपीट किया। पीड़िता रात को खाना खाकर कमरे में सोने गई थी। इस दौरान अभिषेक खाना खाकर घर के पास ही टहल रहा था।

## वर्क्स और नान वर्क्स के दर्जनभर से अधिक कार्य ठेके पर चल रहे

# भिलाई इस्पात संयंत्र पर धीरे-धीरे कस रहा आउटसोर्सिंग का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड के निजीकरण की प्रक्रिया के बाद अब भिलाई इस्पात संयंत्र पर आउटसोर्सिंग का शिकंजा कसता जा रहा है। पिछले कुछ सालों के दौरान संयंत्र में उत्पादन और आपरेशन को छोड़कर वर्क्स और नान वर्क्स क्षेत्रों में दर्जनभर से अधिक अनुभागों और उप विभागों के कार्यों का ठेकाकरण हो चुका है। यूनियनों ने तेजी से कम हो रहे मेन पावर और बायोमेट्रिक जैसे दबावों को किश्तों में हो रहे निजीकरण की परिणति करार दिया है।

उल्लेखनीय है कि सरकार की विनिवेश नीति बीएसपी पर भी भारी पड़ रही है। बीएसपी में हर महीने पच्चीसों कर्मचारियों अधिकारियों के रिटायर होने और भर्ती नहीं होने से काम करने वाले कार्मिकों की चिंता बढ़ती जा रही है। वर्तमान जुलाई महीने में करीबन सौ लोग रिटायर हो रहे हैं। यूनियन के मुताबिक पिछले दो साल में सैकड़ों लोग रिटायर हो चुके हैं और आने वाले दो साल में आधा प्लांट खाली हो जाएगा। यानी एक तरफ नियमित वर्कफोर्स रिटायर हो रही, दूसरी ओर भर्ती नहीं होने ठेका मजदूरों की तादाद बढ़ रही है। इससे नियमित कर्मियों और अधिकारियों पर वर्कलोड भी बढ़ रहा है। पिछले दस साल के दौरान कई अनुभागों के काम आउटसोर्स पर दिये जा चुके हैं और कुछ को देने की तैयारी चल रही है। यूनियनें बढ़ते ठेकाकरण को टुकड़े टुकड़े में बीएसपी निजीकरण बता रही हैं।

प्लांट के अंदर और टाउनशिप के काम आउटसोर्स पर चल रहे हैं। पहले शहर की साफ -सफाई का कार्य सीधे पीएचडी के जिम्मे था, जिसे निजी एजेंसियां कर रही हैं। चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवा विभाग में भी आउटसोर्सिंग बढ़ रही है। क्लीनिंग के साथ ओपीडी व वार्ड अटेंडेंट निजी एजेंसी देख रही है। अस्पताल में कई निजी डाक्टर रामकृष्ण अस्पताल रायपुर व दिल्ली से रखे गए हैं। बीएसपी में कई वाहन व ड्रायवर और दो पहिया व कार स्टैंडभी आउट सोर्स पर हैं।

### मैत्रीबाग और जेएलएन अस्पताल में के कई कामों का ठेकाकरण



### प्लांट में कई मेंटेनेंस आउटसोर्स पर

भिलाई इस्पात संयंत्र यानी वर्क्स एरिया में भी आउटसोर्सिंग बढ़ रही है। 70 लोको विभाग ठेके पर हैं और 70 लोको पायलट ठेका मजदूर हैं। कई शाप्स व मिलों आदि यूनिटों में मेंटेनेंस का काम दर्जनभर से अधिक निजी कंपनियां कर रही हैं। प्लांट व टाउनशिप के दफ्तरों में झाड़ू पोंछा पानी पिलाने वाले जहां कुछ साल पहले तक नियमित कर्मचारी हुआ करते थे, अब अधिकतर ठेका मजदूर हैं। मैत्रीबाग जू के देखभाल का काम भी आउटसोर्स पर दे दिया गया है। सिर्फ मानिटरिंग सीधे प्रबंधन कर रहा है। बोटिंग भी ठेके पर है और जू व उद्यानिकी में कई ठेका मजदूर काम कर रहे हैं।

### बायोमेट्रिक व वेज रिवीजन से दबाव

यूनियनों के मुताबिक जैसे जैसे मेन पावर कम होता जाएगा सेल व लोकल प्रबंधन का दबाव वर्कर्स पर बढ़ता जाएगा। प्रबंधन बोयमेट्रिक और वेतन समझौता एरियर्स आदि सुविधाएं लटका कर और चार लेबर कोड आदि के जरिए बीएसपी धीरे धीरे निजीकरण की ओर ही बढ़ रहा है। यूनियनों द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जा रहा है। ओए व सेफी द्वारा भी सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उपक्रमों का विनिवेश नहीं किए जाने की मांग कई बार इस्पात मंत्री से की जा चुकी है।

# पहले दिन शिविर में मिले 35 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दल्लीराजहरा

नगर पालिका दल्ली राजहरा द्वारा 27 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। आने वाले 12 दिनों तक नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी वार्ड वार्ड दस्तक देंगे। शनिवार से वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 में नगर पालिका दल्ली राजहरा के अधिकारी कर्मचारी जन समस्या निवारण शिविर वार्ड क्रमांक 1 दुर्गा मंच मे वार्ड क्षेत्र के नागरिकों की जन समस्या से अवगत हुए। पहले दिन शिविर में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मांग 28 एवं शिकायत 07 प्राप्त हुए, जिनमें से 3 आवेदन निराकृत किए गए।

■ नगर पालिका दल्ली राजहरा द्वारा किया जा रहा है जनसमस्या

जन समस्या निवारण पखवाड़ा में स्थानीय नागरिक समस्याएं नल कनेक्शन,राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तिया,अनापत्ति प्रमाण पत्र,नामांतरण, रोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य होते हैं, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है साथ ही नल लीकेज, नलों में पानी का ना आना नालियो/ गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म में पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी/ बल्ब / ट्यूब का बंद रहना आदि समस्याओं का निराकरण मौके पर किया जाएगा। उक्त शिविर में करदाता को अपने कर भुगतान करने की सुविधा रहेगी।

**वार्डों में इन स्थानों पर लगाए जाएंगे शिविर-** मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 और 2 के लिए 27 जुलाई को शिविर वार्ड क्रमांक 1 दुर्गा मंच , वार्ड क्रमांक 3, 4,5 के लिए 29 जुलाई शिविर वार्ड क्रमांक 3 पुराना स्टेट बैंक के पीछे मंच, वार्ड क्रमांक 6,7 के लिए 30 जुलाई शिविर स्थल वार्ड क्रमांक 6 नारायण होटल के पीछे मंच,वार्ड क्रमांक 8, 9 के लिए 31 जुलाई शिविर स्थल वार्ड क्रमांक 9 दुर्गा मंच के पास, वार्ड क्रमांक 10,11, 12 के लिए 1 अगस्त शिविर स्थल वार्ड क्रमांक 11 साहू किराना के पीछे मंच,वार्ड क्रमांक 14 15 के लिए 2 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 14 शहीद चौक दुर्गा मंच, वार्ड क्रमांक 16,17 के लिए 3 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 17 शीतला मंदिर के पास मंच, वार्ड क्रमांक 18, 19 के लिए 5 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 18 राजाबाड़ा मंच, वार्ड 13, 20, 21 के लिए 6 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक दुर्गा मंच,वार्ड क्रमांक 22, 23 के लिए 7 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 23 सर्कस ग्राउंड मंच,वार्ड क्रमांक 24,25 के लिए 8 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 24 राधा कृष्ण मंदिर मंच, एवं वार्ड क्रमांक 26, 27 के लिए 10 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 27 सतनाम मंच मे जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है।

### शिविर में उपस्थित रहेंगे सभी अधिकारी

जन समस्या निवारण पखवाड़ा संबंधी कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए निकाय के रामगोपाल चंद्राकर स्वास्थ्य अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं शिवजी प्रसाद लेखपाल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही नगर पालिका के सभी अधिकारी कर्मचारी अपने शाखा से संबंधित समस्त जानकारी दस्तावेज आवेदन प्रारूप के साथ सुबह 10:00 बजे से 3:00 तक शिविर स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। शनिवार को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर. के.साहू, पार्षद शिवांगी ध्रुव, पार्षद ममता नेताम, भाजपा दल्ली राजहरा मंडल महामंत्री रामेश्वर साहू, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुस्ताक अहमद एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

## अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को बचाने हिंदू संगठनों को बदनाम कर रहे डहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

बलौदाबाजार जिला कार्यालय में आगजनी मामले में कांग्रेस जांच दल समिति के संयोजक शिव डहरिया द्वारा बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के इस घटना में शामिल होने के आरोप पर बालोद जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने कहा कि शिव डहरिया अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस से बचाने व मामले को भटकाने के लिए हिंदू संगठनों का नाम ले रहे हैं। इस मामले में कांग्रेस के बड़े नेताओं व विधायक का नाम सामने आने व आगजनी की घटना में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस की गिरफ्तारी से बौखलाए शिव डहरिया विहिप व बजरंग दल को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। पूर्वमंत्री व कांग्रेस पार्टी को शायद यह पता नहीं कि बजरंग दल के कार्यकर्ता सेवा सुरक्षा संस्कार को लेकर सकरात्मक कार्य करने में विश्वास रखते हैं। नकारात्मक कार्य कांग्रेस की संस्कृति होगी। बलराम गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस व उनके नेता यह काम पहली बार नहीं कर रहे हैं। इससे पहले भी बजरंग दल को बैन करने की इनकी चाल नाकाम हो गई और प्रदेश की जनता ने इनको सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। शिव डहरिया जैसे नेताओं के चुनाव में हारने के बाद कोई काम नहीं है, कहने को कुछ नही है। इसलिए ऐसे नेता समय समय पर देशहित प्रदेशहित व धर्महित में काम करने वाली राष्ट्रवादी हिंदू संगठनों को बदनाम करने का काम करते रहते हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने भी हिंदूओं को हिंसक कहा था, अब शिव डहरिया जैसे नेता भी हिंदू धर्म संगठन को बदनाम कर रहे है। विहिप नेताओं ने कहा कि अगर पूर्व मंत्री शिव डहरिया के पास हिंदू संगठन के इस मामले में शामिल होने के साक्ष्य हैं, तो वो पुलिस व प्रशासन को दे, बेकार की बयानबाजी कर बजरंग दल व विहिप संगठन को बदनाम न करें।



■ विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष बलराम ने लगाया आरोप

# कारगिल दिवस के अवसर पर हुए विविध कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को याद करते हुए विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, निबंध, भाषण, चित्रकला तथा अभिनय प्रस्तुत किया गया। ख़ोमिन,देविका ने अभिनय, वेणिका, दीपिका ने भाषण, शिवानी गोस्वामी ने निबंध की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम प्रारंभ प्राचार्य एलके ठाकुर ने विजय दिवस पर अपने पूर्व विद्यार्थी शहीद आरक्षक किरण देशमुख और शहीद सहायक प्लाटून कमांडर नारदराम निषाद की तेलचित्र पर माल्यार्पण कर किया और बच्चों को देशसेवा के लिए आगे आने के प्रेरित करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में शौर्य दिवस पर अविनाश कुमार साहू व्याख्याता ने कारगिल युद्ध की घटनाओं और योद्धाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सुश्री एनुका शार्वा ने देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की गुप्तचर रहते हुए देश सेवा प्रदान की इस पर प्रकाश डाला गया। सी नंदा ने कविता के माध्यम से शहीदों को नमन किया। भूपेंद्र पटेल ने शिक्षा के माध्यम से भी देशसेवा होती है बताया।शिक्षक हेमंत साहू ने कारगिल युद्ध से जुड़ी तथ्यों पर प्रकाश डाला और बच्चों को विभिन्न चलचित्रों का उदाहरण देकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया।





## शराब की अवैध बिक्री पर तत्काल रोक लगाए सरकार : कोसमा

**दल्ली राजहरा।** प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर होने का आरोप लगाते हुए विगत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर में विधानसभा घेराव किया गया। कार्यक्रम में डौंडी लोहारा विधानसभा से भी सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं, विधानसभा घेराव के एक दिन बाद ही डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के एक नेता के फार्म हाउस में हत्या हो गई। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के महामंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने कहा कि पुलिस हत्यारे की गिरफ्तारी होने की जानकारी प्रेस के माध्यम से सबको दे रही है। लेकिन, हत्या के कारण को दूर करने का कोई प्रयास बालोद पुलिस करती नजर नहीं आ रही है। श्री कोसमा ने कहा कि आज संपूर्ण जिले में शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से जारी है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे हुए लोगों के फार्म हाउस में लोग खुलेआम शराब सेवन कर झगड़ा के बाद हत्या जैसा जघन्य अपराध करने से नहीं चूक रहे हैं। यही स्थिति कमोबेश पूरे जिले में है। उन्होंने कहा कि बालोद जिला पुलिस अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के बजाय ऐसा लगता है कि अपने देखरेख में इस अवैध शराब कारोबार को फलने फूलने देना चाहती है। उन्होंने शराब की अवैध बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग पुलिस से की है।

## लेखक बद्रीप्रसाद पारकर को अगासदिया प्रेमचंद सम्मान आज

**डौंडीलोहारा।** प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला अगासदिया प्रेमचंद सम्मान इस वर्ष शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर डौंडीलोहारा में आयोजित साहित्य समारोह में 28 जुलाई रविवार को प्रदान किया जायेगा। दुर्ग जिले के बेलौदी गाँव के लेखक बद्रीप्रसाद पारकर को यह सम्मान उनके विशिष्ट लेखन के लिये प्रदान किया जायेगा। बद्रीप्रसाद पारकर केंवट समाज में जन्में ऐसे लेखक हैं जिन्होंने 'धीरे-धीरे उतरे पार' जीवनी लिखकर यश अर्जित की है। बहुत विनम्रता और सहजतापूर्वक उन्होंने केंवट समाज के इतिहास को लिखते हुए अपने समाज के व्यक्तियों पर भी अच्छा लेखन किया। अत्यन्त पिछड़े समाज में जन्म लेकर बद्रीप्रसाद पारकर ने उच्च शिक्षा प्राप्त की। सम्मान समारोह के आयोजन में बालोद जिला जनवादी लेखक संघ एवं मधुर साहित्य परिषद का विशेष योगदान है। देव जोशी गुलाब एवं अशोक आकाश सहित उनके साथी समारोह के आयोजक हैं। इस अवसर पर 6 लेखकों की किताबों का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. परदेशीराम वर्मा होंगे, अध्यक्षता अशोक आकाश करेंगे। प्रसिध्द बाल साहित्यकार एवं कवि कमलेश चन्द्राकर, मुनीलाल निषाद, लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष बी.एल. ठाकुर एवं आदिवासी समाज के चर्चित लेखक जी.एस.राना विशेष अतिथि होंगे।इस अवसर पर वैचारिक संगोष्ठी तथा काव्यपाठ भी होगा।



### अनुष्का बनी मिस छत्तीसगढ़

**भिलाई।** महेन्द्रा रिसोर्ट दुर्गा में हुए मिस यूनिवर्स छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता में अनुष्का सोन मिस छत्तीसगढ़ और वाची पारख फर्स्ट फर्स्ट रनर अप रहीं है। इस दौरान विजेताओं को इलेक्ट्रानिक चैनल के सीईओ डॉ जगदीश चंद्र ने अपने हाथों से ताज पहनाकर सम्मानित किया।

### दूषित खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर ठोंका जुर्माना

**भिलाई।** लगातार बारिश को देखते हुए समस्या निवारण हेतु नगर निगम भिलाई का अमला निरंतर भ्रमण कर रहा है। दुकानो में जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक की जप्ती एवं चालानी कार्यवाही तथा बेचे जा रहे खादय सामग्री का भी निरीक्षण कर रहा है,कि खाने योग्य है कि नहीं। जोन क्रंमांक 1 का दल द्वारा सड़क पर ठेला लगाकर खादय सामग्री बेचने वाले 6 दुकानो के सामग्री की जॉच की गई। जॉच के दौरान पाया गया कि कुछ दुकानदारों द्वारा खादय सामग्री बासी बेची जा रही है। उसमें दुर्गंध आ रहा था। बेचने की योग्य नहीं था। खाने वाले ग्राहको को गरम करके परोसा जा रहा था। बासी खादय सामग्री का जप्ती करते हुए जमीन में गडकर, ब्लीचिंग पाउडर डालकर विनिष्टीकरण किया गया। संबंधितो से 2000 रूपया अर्थदण्ड भी वसूला गया। उसे चेतावनी दी गई दुबारा बेचते हुए पाये जाने पर ठेला ही जप्त कर लिया जायेगा। खादय सामग्री खरीद के खाने वालो को भी चेताया गया कि इस प्रकार खुले में बेचे जा रहे बासी खाने को, ताजा समझ कर खाने से बचें। इसी प्रकार के खादय सामग्री खाने से फूड प्वाइजनिंग हो सकता है।

## एक्टिवा समेत 50 लाख का सोना पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

होटल में खाना खाने गया एक कारोबारी की एक्टिवा चोरी हो गई। एक्टिवा में करीब 800 ग्राम सोना रखा हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुची ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। चोरी हुए सोने की कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई जा रही है। सुपेला पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी सागर हिम्मत सोनी नामक व्यक्ति सुबह लक्ष्मी नगर स्थित होटल में खाने के लिए एक्टिवा सीजी 07 सीडी 9298 में निकला था। इस दौरान होटल के बाहर अपनी एक्टिवा को रखकर खाना खा रहा था। तभी अज्ञात ने एक्टिवा को चोरी कर फरार हो गया। खाने के बाद सागर बाहर निकला लेकिन उसकी एक्टिवा गायब मिली। आसपास खोजबीन करने के बाद वाहन नहीं मिलने पर शिकायत करने सुपेला पुलिस के पास पहुंचा। खबर लगने पर एसीसीयू और सुपेला पुलिस की टीम पहुची थी। खोजबीन करने के बाद भी चोरी के आरोपी के बारे में कुछ नहीं पता चल रहा है। पुलिस होटल में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है लेकिन पुलिस को सफलता हाथ नहीं लग पाई है। पुलिस ने बताया कि सागर लोग तीन पार्टनर है।भिलाई-दुर्ग के जेवरात दुकानों के कामों को किया करते है। इस पूरे मामले में पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी हुई है। मामले में सुपेला पुलिस संदिग्धों पर पैनी नजर रखी गई है। साथ ही इस चोरी के मामले में पुलिस को कई तरह का संदेह लग रहा है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

■ बिरयानी खाने गया था कारोबारी
■ पुलिस जांच में जुट गई है

पेज 11 का शेष...

### ठेलका सहकारी बैंक...

चोर गैंग का पर्दाफाश कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 13 एवं 14 जुलाई को अवकाश था। इसका फायदा उठाते हुये आरोपियों ने ठेलका के बैंक में सीसीटीवी कैमरा काटकर एवं मेनगेट का ताला तोड़ते हुए घुसकर बड़ी सेंधमारी की कोशिश की थी। लॉकर भी तोड़ने की कोशिश की, किन्तु क़ामयाबी नहीं मिलने पर भाग खड़े हुए थे। जबकि लॉकर में करीब 35 लाख रुपये नकदी रकम थी। हालांकि बैंक में घुसकर चोरी के प्रयास मामले में अगले दिन बैंक कर्मियों द्वारा पुलिस के समक्ष अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 व 331 के तहत पंजीबद्ध कराई थी। इसमें पुलिस ने गहन पूछताछ व जांच के बाद सुराग मिलने पर आरोपियों तक पहुंचकर घटना में प्रयुक्त गैस कटर मशीन, कार व अन्य उपकरण की बरामदगी कर ली है। आरोपी को विधिवत न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। इस संयुक्त कार्रवाई में पुलिस उपनिरीक्षक मयंक मिश्रा व राजकुमार साहू, एएसआई सुरेश राजपूत, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक मोतीलाल जायसवाल, सौरभ सिंह, राजेश ध्रुव, इंद्रजीत पाण्डेय, संजय पाटिल, नरेश वर्मा, तोरण डहरिया, मुकेश चन्द्रवंशी सहित इत्यादि स्टॉफ़ का अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर आरोपियों को धर दबोचने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कलार समाज के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल से की भेंट

**बालोद।** विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में कलार समाज जिला बालोद के पदाधिकारियों ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात की। इस दौरान कलार समाज के भवन निर्माण के लिए कलार मेला सोरर में उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा की गई 25 लाख रूपए की घोषणा के संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं मंत्री साव से मुलाकात कर चर्चा की गई। इस पर उन्होंने अविलंब उक्त राशि प्रदान करने का अश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष जिला बालोद चमन लाल सिन्हा, जिला मंत्री बालोद चन्द्रहास सिन्हा, कोषाध्यक्ष जिला बालोद हरदेव लाल सिन्हा, मुख्य कोष निरीक्षक शशिकांत सिन्हा, कोष निरीक्षक जिला बालोद घनश्याम सिन्हा, कोषाध्यक्ष तहसील गुरूर लेखराम सिन्हा उपस्थित थे।

### प्रयास विद्यालय में हुआ चंद्रकांत का चयन

**डौडीलोहारा।** सरस्वती शिशु मंदिर संबलपुर से भैया चंद्रकांत निरोटी पिता सुरज लाल निरोटी का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। भैया चंद्रकांत निरोटी की सफलता के पीछे समस्त आचार्यों का मार्गदर्शन एवं छात्र के आगे बढ़ने की जुनून के कारण प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ। इस विद्यालय के प्रधानाचार्य समस्त स्टाफ एवं विद्यालय विकास समिति के संयोजक एवं समस्त सदस्यों ने भैया चंद्रकांत की सफलता का श्रेय छात्र की लगन एवं समस्त आचार्यो की कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप यह चयन हुआ है। प्रधानाचार्य होम लाल पटेल, कार्यालय प्रमुख रेखा पटेल, नंदकिशोर कोठारी, डेविड साहू, रेखा सहारे, घनश्याम दास बघेल, उमा निषादराज, चित्रलेखा शर्मा, लोमेश्वरी साहू, लक्ष्मी पटेल के द्वारा भैया चंद्राकांत निरोटी को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### डॉ धर्मेंद्र ने कसही स्कूल के बच्चों को कराया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला कसही में डॉ धर्मेंद्र साहू ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को न्यौता भोज कराया। न्यौताभोज में चावल ,दाल, सब्जी, व खीर ,पूड़ी परोसा गया। विद्यालय प्रबंध समिति की उपस्थिति में डॉ साहू का जन्मदिन मनाया गया।शाला परिवार की ओर से शाल व श्रीफल भेंट किया गया। इस अवसर पर आत्माराम खरे ,कृपाराम साहू, रोहित चंदन मलागर, उत्तम साहू, डोमन लाल सोरी ,यशवंत साहू ,खेमन कुंजाम , कृष्णा राम साहू ,सूकवारो बाई ,घसनीन साहू ,शांति बाई साहू, प्रधान पाठक शैलेंद्र कुमारी साहू, शीतल कुलदीप, मीना कुंजाम, ललेश्वरी, मुनिया आदि उपस्थित थे।

## निधन

### रामाधार मिश्रा

**बेमेतरा।** सिंघौरी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रामाधार मिश्रा का 27 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज 28 जुलाई को सुबह 9 बजे सिंघौरी (बेमेतरा) के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दीपक मिश्रा, ज्योति मिश्रा व रोशन मिश्रा के पिता जी थे।

**अपील :** लगातार बारिश के बीच कलेक्टर शर्मा ने नागरिकों से की सतर्कता बरतने की अपील

# जान जोखिम में डालकर नदी-नाले पार न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मानसून के दौरान ज़िले में और आसपास लगातार हो रही बारिश भारी को देखते हुए लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है। इसके साथ ही उन्होंने नदी-नालों के उफान तथा बाढ़ की स्थिति निर्मित होने के कारण लोगों की जान की सुरक्षा के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता एवं तत्काल राहत पहुँचने के संबंधित अधिकारियों व ज़िले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए। जिले में मानसून के दौरान भारी बारिश व बाढ़ से होने वाली जनहानि और धनहानि को रोकने के मकसद से जिला स्तर पर तैयारियां पिछले जून से शुरू हो गई थी।

■ अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य तथा सहायता केन्द्र की जानकारी रखें

कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जलभराव वाले क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और आवश्यकतानुसार राहत कार्यों को सुनिश्चित करें। आपातकालीन सेवाओं को और सक्रिय करें। ताकि जानकारी मिलने पर किसी भी जरूरतमंद को त्वरित सहायता मिल सके।

आगे भी भारी बारिश की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा है कि नदी-नालों, पुराने पुल-पुलिया आदि को पार करते समय एहतियात बरतें। सोशल मीडिया पर तस्वीर में देखने आया कि कुछ लोग जान जोखिम में डालकर उफनते नदी-नाले पार कर रहे हैं। इसके अलावा नदी-नालों में बच्चों-युवकों की मौज-मस्ती की तस्वीर देखने मिली हैं। ऐसे लोगों से ख़ास कर अपील है कि वे अपनी जान से खिलवाड़ न करें। सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि आपदा की जानकारी मिलने पर जिला स्तरीय बाढ़ कन्ट्रोल रूम 07824-222103 में इसकी सूचना दें। यह कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे काम कर रहा है।

**अपनी बहुमूल्य वस्तुओं और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखें**



**पीने के लिए उपयोग में न लाएं बाढ़ का पानी**

कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ का पानी न पियें और न ही उससे भोजन पकाएं। बाढ़ के पानी के सम्पर्क में आया हुआ खाद्य पदार्थ न खायें। बाढ़-ग्रस्त क्षेत्र में न जाएं तथा गाड़ी चलाने से बचें। मदद के बिना बाढ़ के पानी में न जाएं, बच्चों को बाढ़ के पानी के पास खेलने ना दें। उन बिजली उपकरणों का प्रयोग न करें, जो बाढ़ के पानी में भीगे हों। अफवाहें न फैलायें और न ही उन पर ध्यान दें।

**बाढ़ की स्थिति में क्या करें, क्या न करें**

कलेक्टर श्री शर्मा ने जन सामान्य से कहा कि वे अपने शहर या गांव में जल भराव, बाढ़ की संभावना और विगत वर्ष में बाढ़ के सबसे उच्च स्तरों को जानें। अपनी बहुमूल्य वस्तुओं और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखें। अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य तथा सहायता केन्द्र की जानकारी रखें। आपातकालीन किट तैयार करें, जिसमें सूखा खाद्य पदार्थ, पेयजल, आवश्यक दवाएं, जरूरी कागजात, आपात दूरभाष नम्बर मोमबत्ती, माचिस, रस्सी आदि शामिल हों तथा इन्हें उपयोग हेतु चालू हालत में रखें। जल भराव, बाढ़ की आशंका को देखते हुए पालतू जानवरों को पहले से ही सुरक्षित तथा ऊंचे स्थानों पर भेज दें या जल स्तरबढ़ रहा हो, तो उन्हें खुला छोड़ दें। जल भराव बाढ़ की चेतावनी मिलने पर उसका पालन करें, अपने पड़ोसियों को सूचित करें तथा सुरक्षित, ऊंचे स्थानों पर चलें जाएं यदि स्थान छोड़ रहे हैं, तो अपने साथ आपाकालीन किट जरूर ले जाएं। घर छोड़ने से पहले बिजली का मुख्य स्विच, गैस और पानी के नलों को बंद कर दें एवं मित्रों व रिश्तेदारों को अपने प्रस्थान की जानकारी दें। पुलिस और दमकल अधिकारियों के अनुदेशों का पालन करें व उन्हें सहयोग दें, आपकी सुरक्षा उनका ध्येय है। उबाला हुआ या क्लोरीन की टेबलेट से साफ किया हुआ पानी पियें। सांप, विषधर प्राणियों से बचकर रहें। प्रायः बाढ़ के समय सांप के काटने की घटनाएं होती हैं। नवीनतम जानकारी हेतु स्थानीय मौसम और समाचार रिपोर्टों को सुनें। अपने आसपास वातावरण को साफ एवं स्वच्छ रखें।

**नगर के धमतरी चौक स्थित ज्वेलर्स, मेडिकल व मोबाइल दुकान की घटना**

# एक ही रात तीन दुकानों पर चोरों का धावा, लाखों के जेवर व नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार की दरमियानी रात को चोरों ने नगर के धमतरी चौक स्थित सोनी ज्वेलर्स, गणेश मेडिकल व हिरवानी मोबाइल दुकान में धावा बोलकर, लाखों रुपए चोरी कर फरार हो गए।

चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चोर चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं। मोबाइल दुकान से नगद दस हजार व मेडिकल स्टोर्स से 16 हजार चोरी कर लिए है, वहीं ज्वेलर्स दुकान मे बड़ी तादाद में ज्वेलरी चोरी हुई है। कितने के जेवरात की चोरी हुई है, इसका आंकलन नहीं हो पाया है। पुलिस के अनुसार चोरों ने दुकान के बगल में बन रहे मकान की सीढ़ी से ऊपर चढ़कर तीनों दुकान को निशाना बनाया। इधर इस घटना से नगर के व्यापारियों में दहशत है और पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है।

व्यापारियों ने कहा कि नगर में पुलिस प्रशासन काफी सुस्त है। रात में पुलिस गस्त नहीं के बराबर है, जिसके कारण आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। बीते 10 दिनों में चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले नगर के इसी चौक पर स्थित एक ज्वेलर्स दुकान में चोरी हुई थी, जिसमें अभी तक पुलिस आरोपी को नहीं पकड़ पाई है। इस घटना को लेकर नगर के व्यापारी संघ ने थाना पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी को ज्ञापन सौंप कर आरोपी को जल्द पकड़ने की मांग की है। वहीं, व्यापारियों ने रात्रि में पेट्रोलिंग व पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की है। इधर घटना के बाद बालोद, गुण्डरदेही पुलिस व डाग स्क्वाड, फॉरेंसिक टीम चोरी हुए घटनास्थल पहुंचकर बारीकी से जांचकर व सीसी टीवी कैमरे के सहारे आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।




**जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी : एएसपी अशोक**

इधर एडिशन एसपी अशोक जोशी ने कहा कि चोरी की वरदात को लेकर पुलिस सतर्क है। चोर जो भी हों, जल्द ही पकड़े जाएंगे। मामले को संज्ञान में लिया है। जल्द ही चोर को पकड़कर उचित कार्रवाई करेंगे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेन्द्र सिंह वर्मा, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर की देखरेख में किया गया। इस कार्यशाला में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्याम लाल साहू एवं बजाज अलियांज जनरल इन्सोरेंस के टुकेश्वर निषाद, चीत्रेन वर्मा, अभिलाष सिंग एवं समूह प्रबंधक विरेन्द्र शर्मा द्वारा फसल संरक्षण एवं फसल बीमा योजना संबंधी विभिन्न जानकारी देने के लिए उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि खरीफ 2024 मौसम हेतु फसल बीमा के लिए अधिसूचित फसले जैसे धान (सिंचित-असिंचित) मक्का, उड़द, अरहर, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन, कोदो, कुटकी, रागी के लिए बीमांकित राशि एवं प्रीमियम राशि के बारे में जानकारी प्रदान दी। चित्रेन वर्मा ने छात्र-छात्राओं को फसल बीमा के लिए आधारभूत जानकारी एवं आवश्यकताओं जैसे बैंक पास बुक, आधार कार्ड, फसल बुआई प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में बताया। और साथ-साथ फसल बीमा से किसानों को होने वाले लाभ, बीमा क्यूं किया जाये, बीमा लेने के बाद नुकसान से कैसे बच सकते है, प्रत्येक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कार्यशाला बैठक में उपस्थित विद्यार्थियों को किसानों को योजना के लाभ, प्रीमियम भुगतान, दावा प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को योजना के प्रति जागरूक करना और उनकी फसल को सुरक्षित रखने के उपायों पर चर्चा करना था, इस कार्यशाला में कृषि महाविद्यालय के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे साथ ही इनके अलावा कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।



■ कृषि महाविद्यालय में किया गया कार्यशाला का आयोजन

# केवीके प्रक्षेत्र में सोयाबीन, उड़द और धान बीज उत्पादन के लिए बोआई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. अजय वर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के अंतर्गत संचालित केवीके प्रक्षेत्र एवं कृषक प्रक्षेत्र के विभिन्न गतिविधियों का समीक्षा कर प्रदर्शन इकाईयों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान केन्द्र के प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने जानकारी दी कि खरीफ 2024 में केवीके प्रक्षेत्र में सोयबीन, उड़द एवं धान के फसलों का बीज उत्पादन कार्यों के लिए बुआई तथा रोपाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही केवीके के स्माल नर्सरी एवं हाई टेक नर्सरी में पौध एवं सब्जी वर्गीय फसलों का पौध समाग्री का उत्पादन कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही केवीके द्वारा कृषक प्रक्षेत्र में सोयबीन एवं मूंगफली की उन्नत किस्मों का 80 हेक्टेयर क्षेत्र में समूह अग्रिम फसल प्रदर्शन भी लिया जा रहा है। डॉ अजय वर्मा ने भ्रमण के दौरान प्रगतीशील कृषक मोहित साहू निवासी ग्राम पड़कीडीह के प्रक्षेत्र में केवीके, बेमेतरा के द्वारा संचालित सोयबीन व धान की प्रदर्शन इकाईयों का भी भ्रमण किया एवं कृषक के प्रक्षेत्र में स्थापित समन्वित कृषि पद्धति मॉडल व कृषि यंत्र कार्यशाला का अवलोकन एवं निरीक्षण करते हुए उनकी प्रशंसा की। कृषक मोहित साहू द्वारा कृषि के क्षेत्र में नवीन तकनीक जैसे उन्नत किस्म, बोवाई विधि एवं कृषि उपकरणों में कार्य कुशलता तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वैज्ञानिकों से मागदर्शन प्राप्त कर अपनी कृषि के आय में वृद्धि होने की जानकारी निदेशक को दी गई। उन्होंने श्री मोहित साहू के कार्यों की सराहना करते हुए कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य किये जाने पर मिलने वाले राज्य स्तरीय सर्वोच्च पुरूस्कार डॉ खुबचंद बघेल आवार्ड के नामांकन के लिए आवेदन प्रेषित करने के लिए भी मार्गदर्शन दिया।

**उत्पादन बढ़ाने दिया मार्गदर्शन**



डॉ अजय वर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के हाईटेक नर्सरी में फल एवं सब्जी वर्गीय पौध सामग्री उत्पादन कार्य की समीक्षा के दौरान उसकी सराहना करने हुए जिले के कृषकों के मांग अनुसार पौध सामग्री का उत्पादन और बढ़ाने हेतु आवश्यक मागदर्शन दिया। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी, डॉ तृप्ति ठाकुर एवं कार्यक्रम सहायक डॉ अखिलेश कुमार कुलमित्र उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष राजपूत पर लगे कई गंभीर आरोप, राजधानी तक पहुंची बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं में जो आस थी, उसमें अब निराशा नजर आने लगी है। पूरे विधनसभा में पार्टी के कार्यकर्ता कई गुटों में बंट नजर आ रहे हैं। कार्यकर्ता जो सत्ता सुख के सपने मन में पाले थे, अब उनके मन से काफूर होने लगा है। यही कारण है कि लगातार पार्टी स्तर पर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। साजा में गतिरोध और विरोध इस हद तक बढ़ गया है कि वे पार्टी हाई कमान से मिलकर कई पदाधिकारियों को तत्काल पद से हटाने की मांग रायपुर पहुंच कर डाली। इसका ताजा मामला साजा विधानसभा के परपोड़ी मंडल का है। मंडल कार्यकर्ता इन दिनों अपने ही मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत और महामंत्री सतीश जैन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए शीर्ष नेतृत्व से उन्हें पद से हटाने की मांग कर रहे हैं।

बुधवार को आयोजित साजा विधानसभा के परपोड़ी मंडल कार्यसमिति की बैठक भी काफी हंगामेदार रही। बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत पर कांग्रेसियों से पैसा लेकर काम देने पार्टी से आये फंड को गबन करने व फोन से पार्टी के युवा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रमोद साहू को आधी रात फोन पर गालीगलौज करने का आरोप लगाया गया। इतना ही नहीं उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई है। हालांकि, इस मामले में अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने अपने ऊपर लगाए सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया है।

**कार्यकर्ताओं की नाराजगी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में पड़ सकती है भारी-** वहीं, अंदर खाने की माने तो विधानसभा मे वरिष्ठ नेताओं को भी नजरअंदाज किये जाने की चर्चा है। वे संगठन चुनाव के इंतजार में हैं। मात्र 6 माह में निर्मित इन गतिरोधों के चलते पूरे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में नाराजगी व्याप्त है। विरोध इस बात को लेकर भी है कि विधानसभा में सारे छोटे बड़े काम चाहे मध्यान्ह भोजन की बात हो या सोसाइटी अपने चहेतों को दिया जा रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि आने वाले 4-5 माह में स्थानीय नगरीय चुनाव एवं पंचायतों के चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं की नाराजगी सत्तारूढ़ भाजपा के लिए घातक तथा विपक्षी पार्टी के वरदान साबित हो सकती है।

**साजा विधायक से भी शिकायत**

गौरतलब हो कि साजा विधानसभा में चुनाव जीतकर विधायक बने ईश्वर साहू की राजनितिक पृष्ठभूमि नहीं है। कुछ कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें राजनीति की समझ नहीं है और वे कार्यकर्ताओं की परख नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए चाटुकार किस्म के लोगों के बीच ही सिमट कर रह गए हैं। इससे पार्टी के आम कार्यकर्ता निराश और परेशान हैं। उनका कहना है कि जिस ईश्वर साहू को जिताने हजारों कार्यकर्ताओं ने अपनी नींद हराम की, आज वे ही अपनी अस्तित्व के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और गुहार लगा रहे हैं।


**संत ऋषभ सागर जी महाराज ने बताए सफल जीवन के उपाय**

# जो है उसका सदुपयोग करें, अभाव का रोना ना रोएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चार गति में मनुष्य गति ही ऐसी है, जिसमें सुख शांति का अनुभव किया जा सकता है। कर्मों के प्रतिफल स्वरूप जीवन में सुख और दुख आते हैं, विपरीत परिस्थितियों में भी देवगुरु धर्म के प्रति आस्था से संबल प्राप्त होता है। महावीर भवन में चल रहे प्रवचन श्रृंखला हम स्वर्ग धरा पर लाएंगे के साप्ताहिक शिविर के छठवें दिन संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने कहा कि पुण्य और पाप का प्रतिफल जीवन में आता है, परिवार में किसी का पुरुषार्थ तो किसी का पुण्य काम करता है। परिवार मे सामंजस्य बनाकर चलने से कई कठिनाइयों का सहज ही सामना किया जा सकता है, धन संपत्ति जीवन में आराम तो दे सकते हैं लेकिन सुकून भी मिल जाए ऐसा जरूरी नहीं है, पैसा ही सब कुछ है मानने वाले इसके लिए गलत रास्ता भी चुन लेते हैं, जिसका परिणाम अंततः बुरा ही होता है। पैसा ही संबंधों को बिगड़ने में कारण बनता है। जो पास है उसका सदुपयोग करें अभाव का रोना ना रोएं।

■ महावीर भवन में प्रवचन श्रृंखला हम स्वर्ग धरा पर लाएंगे जारी



**अहंकार बुद्धि में विकार पैदा करता है, इससे बचें**

संत ऋषभ सागर जी महाराज ने कहा कि सामंजस्य के अभाव में स्वर्ग जैसा परिवार भी नरक में बदल जाता है तथा अच्छा खासा घर मकान में बदल जाता है। जिस तरह कोरोना काल में बीमारी से बचने के लिए सावधानी बरती गई ऐसा ही परिवार में किसी प्रकार की परेशानी ना आए इसके लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। परिवार में जहां प्रेम होता है वहां गलतियां नहीं दिखती, अहंकार बुद्धि में विकार पैदा करता है इससे बचें। उपकारी का उपकार हमेशा ध्यान रखें तथा परिवार हित में त्याग को सर्वोपरि माने। इन छोटी–छोटी बातों को ध्यान में रखकर एक सुखी परिवार तथा धरती पर स्वर्ग की कल्पना को साकार किया जा सकता है।

